ADT/2026/7346-48
Dated: 16.09.2026

# **प्रैस नोट**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा के अनुसार, संस्थान मे अक्तूबर 2026 से दिसम्बर 2026 तक लघु अवधि (3-5 दिवसीय) के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित जाएंगे। इनमें "संरक्षित खेती/पॉलीहाउस में सब्जी उत्पादन" (02 प्रशिक्षण), "कटाई एवं सिलाई" (01 प्रशिक्षण), केंचुआ खाद उत्पादन (01 प्रशिक्षण), सोयाबीन से सोया दूध तैयार करना (01 प्रशिक्षण), कृषि मे ड्रोन की उपयोगिता तथा उसकी देख रेख (01 प्रशिक्षण)) इत्यादि पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त "डेयरी फार्मिंग" (01 प्रशिक्षण), "मधुमक्खी पालन" (02 प्रशिक्षण) और "मशरूम उत्पादन तकनीक" (03 प्रशिक्षण) पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

इन प्रशिक्षणों में प्रदेश के किसी भी वर्ग और आयु के इच्छुक महिला एवं पुरुष भाग ले सकते हैं। सभी प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होंगे। प्रशिक्षण की पूरी अवधि में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वैज्ञानिक जानकारी के साथ-साथ राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया जाएगा, जिससे युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, प्रशिक्षण से संबंधित विश्वविद्यालय की इकाइयों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी 03 अक्तूबर 2026 शाम 4.30 बजे तक संस्थान में आवेदन फॉर्म जमा करवा सकते हैं। प्रशिक्षणों का समय सुबह 9 बजे से 4.30 बजे तक रहेगा। **प्रशिक्षण की तिथियों की सूचना बाद में फोन के माध्यम से दी जाएगी।**

संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3, लुदास रोड पर स्थित है। **प्रशिक्षण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार** पर दिया जाएगा। आवेदन फार्म के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार कार्ड की फोटो कॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।

**आवेदन फॉर्म की प्रति साथ/विज्ञप्ति इस पृष्ठ के पीछे उपलब्ध है जिसे भर कर और आवश्यक दस्तावेज़ साथ लगा कर संस्थान मे जमा करवाएँ । प्रत्येक प्रशिक्षण के लिए अलग से फॉर्म भरें।**

**अति आवश्यक जानकारी :**

1 **उपरोक्त सभी प्रशिक्षणों में किसी प्रकार की सामग्री/सहायता प्रदान करने का प्रावधान नहीं है।**

2 **इन प्रशिक्षणों के लिए किसी भी वर्ग/आयु के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।**

3 **इन प्रशिक्षणों मे बेरोजगार युवाओं, किसानो को वरीयता दी जाएगी। अध्ययनरत कृषि छात्रों को यह प्रशिक्षण नहीं दिया जाएगा ।**

**4 अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस के दौरान केवल संस्थान के कार्यालय के दूरभाष नंबर 01662-284322 पर ही संपर्क करें, जिसका समय सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहता है।**

-sd-

दिनाँक :

डॉ. ए. के. गोदारा
सहः निदेशक (प्रशिक्षण)
एस.एन.आई.ए.टी.टी.ई., हिसार

प्रतिलिपि :

1 विस्तार शिक्षा निदेशक, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

2 मीडिया सलाहकार, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

3 कंप्यूटर अनुभाग, गणित और सांख्यिकी विभाग,चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

**सायना नेहवाल कृषि प्राद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान**

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।**

## प्रशिक्षण हेतु आवेदन / प्रार्थना पत्र

**प्रशिक्षण का नाम जिसमे प्रशिक्षण लेना चाहते हैं ✓ करें (केवल एक प्रशिक्षण पर ✓ करें वरना फॉर्म रद्द कर दिया जायेगा।**

1. संरक्षित खेती/पोली-नेटहाउस मे सब्जियों का उत्पादन ☐ कटाई एवं सिलाई (केवल महिलाओं के लिए) 3 मधु-म ालन ☐
4 मशरूम उत्पादन तकनीक ☐ 5 डेयरी फ़ार्मिंग ☐ 6 वर्मिकंपोस्टिंग/केंचुआ खाद उत्पादन तकनीक ☐ 8 नर्सरी रेजिंग
7. सोयाबीन से सोया दूध तैयार करना ☐ 9 कृषि मे ड्रोन की उपयोगिता तथा उसकी देख रेख ☐ 10 किसी अन्य प्रशिक्षण मे रुचि (विषय....................)

---

1. प्रार्थी का नाम : ________________________

2. पिता /पति का नाम :________________________

3. लिंग (स्त्रीलिंग /पुल्लिंग ) :________________________

4. जन्म तिथि व आयु :________________________

5. जाति :________________________

6. शैक्षणिक योग्यता :________________________

7. आधार नंबर :________________________

8. पूरा पता :________________________

9. मोबाइल नंबर :________________________

10. व्यवसाय :________________________

उम्मीदवार अपनी नवीनतम रंगीन फोटो यहाँ चिपकाएं और स्वयं के हस्ताक्षर करें

11. परिवार के सदस्यों का विवरण :

| क्रमांक | नाम | आवेदक के साथ रिश्ता | व्यवसाय | सालाना आय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |

12. आप यह प्रशिक्षण क्यों लेना चाहते हो ?:________________________

आवेदक के हस्ताक्षर

**उद्घोषणा :**

मेरे द्वारा ऊपर दी गई सारी जानकारी सही है।जानकारी गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन रद्द किया जा सकता है।

आवेदक के हस्ताक्षर

तिथि : स्थान :

आवश्यक दस्तावेजो की प्रति आवेदन फार्म के साथ संलग्न कर दी है (✓ करें)- कृपया नीचे कर्माक अनुसार दस्तावेज़ संलग्न करें

1 ☐ आधार कार्ड
2 ☐ आवेदक की पासपोर्ट साइज़ की रंगीन फोटो

**केवल कार्यालय हेतु**

प्रार्थी को उपरोक्त प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु अनुमति प्रदान की जाती है / नहीं की जाती है।